## क्रय समिति जनपद न्यायालय, देवरिया।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 5963/एडमिन(वी–5) अनुभाग दिनांक, नवम्बर 20, 2025 के सम्बन्ध मे क्रय समिति जजी, देवरिया की आख्या दिनांक 01.12.2025 जो माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दिनांक 03.12.2025 को अनुमोदित है, के अनुक्रम मे आज दिनांक 08.12.2025 को समय 01.30 बजे मेरे विश्राम कक्ष मे क्रय समिति के सदस्य श्री जगन्नाथ, अपर जिला जज/त्वरित पथ न्यायालय – द्वितीय,देवरिया के साथ बैठक आहूत की गयी। क्रय समिति के सदस्य श्री विवेक कुमार सिंह–द्वितीय सिविल जज (सी0डि0) कक्ष संख्या –18, देवरिया अवकाश पर होने के कारण उपस्थित नही है।

उक्त वर्णित आदेश के अनुपालन मे क्रय समिति द्वारा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जनपद न्यायालय परिसर देवरिया मे एक अदद 125 के0बी0ए0 03 फेज (डी0जी0सेट) नया जनरेटर के मूल्य, माडल एवं उसे स्थापित किये जाने मे खर्च आदि के विवरण हेतु जेम–पोर्टल पर सम्बन्धित फर्मो से नियमानुसार निविदा आमन्त्रित किया जाता है।

## निविदा की शर्ते

**01.** यह निविदा पूर्ण रुप से 125 के0बी0ए0 03 फेज (डी0जी0सेट) नया जनरेटर के मूल्य, माडल एवं उसे स्थापित किये जाने मे खर्च आदि के लिए है।

**02.** निविदा मे उक्त जनरेटर का मूल्य, जी0एस0टी0 एवं ट्रान्सपोर्टेशन चार्ज अलग–अलग देना होगा।

**03.** उक्त वर्णित नया जनरेटर सेट माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से अनुमति एवं संबंधित मद मे पूर्ण बजट प्राप्त होने पर क्रय किये जाने की प्रक्रिया अमल मे लायी जायेगी।

**04.** उक्त जनरेटर का फाउडेशन, सेड, एवं अर्थिंग का कार्य भी सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जायेगा। जिसका व्यय भी उक्त आगणन मे सम्मिलित करना होगा।

**05.** नीलामी समिति जजी देवरिया को यह भी अधिकार होगा कि उक्त निविदा किसी अपरिहार्य कारण वश निरस्त/ अस्वीकार कर दें।

**06.** निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

सदस्य,
08/12/25
**(जगन्नाथ),**
नीलामी समिति,
जजी,देवरिया।

अध्यक्ष,
8/12/25
**(रवि यादव),**
नीलामी समिति,
जजी,देवरिया।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ/नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित किया जाय :–

1– सिस्टम ऑफिसर केन्द्रीय कम्प्यूटर कक्ष, देवरिया को जनपद न्यायालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2– जनपद न्यायालय देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
3– कलेक्ट्रेट देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
4– जिला परिषद देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
5– अन्य सार्वजनिक स्थलो पर चस्पा हेतु ।

सदस्य,
08/12/25
**(जगन्नाथ),**
नीलामी समिति,
जजी,देवरिया।

अध्यक्ष,
8/12/25
**(रवि यादव),**
नीलामी समिति,
जजी,देवरिया।